प्रीलिम्स फैक्ट्स : 17 मई, 2018

कर्नाटक में सबसे नए मेंढक की खोज

- हाल ही में भारत में मेंढक की एक नवीनतम प्रजाति संकीर्ण मुख वाला मंगलुरु मेंढक की खोज की गई है ।
- यह कर्नाटक के तटीय औद्योगिक क्षेत्र में पाया गया है।
- इस शहरी क्षेत्र में अपने छोटे आकार के कारण मेंढक की उपस्थिति को आसानी से अनदेखा किया जा सकता है।
- धूसर भूरे रंग के इस मेंढक की लंबाई केवल 2 सेमी है।
- व्यवहारिक अवलोकनों से पता चला कि मेंढक केवल मानसून के दौरान पैदा होते हैं।
- ध्यातव्य है कि मंगलुरु संकीर्ण मुख वाला मेंढक दक्षिण एशिया में पाए जाने वाले माइक्रोहिला जीनस (genus Microhyla) की 42 वीं प्रजाति है।
- जिस औद्योगिक क्षेत्र में इस संकीर्ण मुख वाले मंगलुरु मेंढक को खोजा गया है, वहाँ दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से लकडियाँ आयात की जाती हैं।
- अतः संभावना जताई गई हैं कि आयातित लकड़ियों के साथ यह मेंढक भूलवश आ गया हो।

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाली पहली भारतीय पिता-पुत्री की जोड़ी

- गुड़गाँव निवासी अजीत बजाज और दीया बजाज दुनिया के सबसे ऊँचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले भारतीय पिता-पुत्री बन गए हैं।
- 24 वर्षीय दीया सुबह साढ़े चार बजे पर्वत शिखर पर पहुँची इसके पश्चात् उनके पिता 15 मिनट बाद एवरेस्ट पर चढ़ाई करने में सफल रहे।
- अजीत और दिया ने अपना यह अभियान 16 अप्रैल को शुरू किया था।
- गौरतलब है कि वर्ष 2011 में पिता-बेटी की यह जोड़ी ग्रीनलैंड आइस कैप को स्की करने वाली इस प्रकार की पहली ऐसी भारतीय जोड़ी बनी थी।
- इसके साथ ही उनकी इस उपलब्धि को स्वीकार करते हुए वर्ष 2012 में लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था।